# काशी विश्वनाथ धाम में बाबा के गौरीशंकर स्वरूप का होगा श्रृंगार





**वाराणसी, 28 जुलाई (एजेंसियां)**

श्रावण मास के दूसरे सोमवार को श्री काशी विश्वनाथ धाम में बाबा के गौरी शंकर स्वरूप का श्रृंगार होगा। महादेव के भक्त बाबा के शंकर पार्वती स्वरूप का दर्शन पाएंगे। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में श्रावण मास के हर सोमवार को विशेश्वर के अलग-अलग स्वरूप का श्रृंगार किया जा रहा है। श्रावण मास का आज दूसरा सोमवार है। इस वर्ष सावन में पांच सोमवार पड़ रहे हैं। बाबा हर सोमवार को अलग-अलग स्वरूपों में भक्तों को दर्शनं दे रहे हैं। बाबा के भक्त श्री विश्वेश्वर के चौखट तक सरलता और सुगमता से पहुंच कर जलाभिषेक कर सकें, इसके लिए योगी सरकार लगातार व्यवस्थाओं में बढ़ोतरी और सुधार करती जा रही है। इसके तहत सावन के दूसरे सोमवार से दर्शनार्थियों को भीड़ से बचाने के लिए एक लाइन लगाई जाएगी और धाम की क्षमता के अनुसार ही बैरिकेडिंग कर भक्तों को धाम में प्रवेश दिए जाने की व्यवस्था बनाई गई है।

श्रावण मास के प्रथम सोमवार को भी बाबा विश्वनाथ के स्वरूप का श्रृंगार हुआ था। शिव भक्त सावन के दूसरे सोमवार को अपने बाबा के विशेष स्वरूप शंकर पार्वती के रूप में दर्शन पाएंगे। श्री काशी विश्वनाथ धाम के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्र ने बताया कि आज श्रावण मास के दूसरे सोमवार को देवाधिदेव महादेव के गौरी शंकर (शंकर पार्वती ) स्वरूप का श्रृंगार होगा। श्री विश्वेश्वर के भक्त बाबा के इस विशेष स्वरूप का दर्शन कर पाएंगे।

सावन के दूसरे सोमवार को सभी प्रवेश मार्गों से कतार व्यवस्था को एकीकृत करते हुए सिंगल लाइन की व्यवस्था रखी गई है, जिससे दर्शनार्थियों को लाइन व्यवस्था में भीड़ का सामना न करना पड़े। प्रत्येक 50 मीटर पर लाइन व्यवस्था को नियंत्रित रखने के लिए बैरियर लगाया गया है। धाम में लगे बैरिकेडिंग की क्षमता के अनुसार ही दर्शनार्थियों को छोड़ा जाएगा। सावन के पहले सोमवार की भांति दूसरे सोमवार को भी नंदूफेरिया, सिल्को गली, ढुंढिराज गणेश, ललिता घाट, सरस्वती फाटक प्रवेश मार्ग से श्रद्धालु बाबा के चौखट तक पहुंच पाएंगे। सीएम योगी पहले सोमवार को बाबा के दर्शन करने पहुंचे थे। सीएम ने सभी अधिकारियों को आस्था के साथ श्रद्धालुओं की सुरक्षा पर भी विशेष जोर देने का निर्देश दिया था।

# भाजपा को अपनों से खतरा घेरने की तैयारी में इंडी

## 7 विधायकों की भूमिका पर भी नजर

**लखनऊ, 28 जुलाई (एजेंसियां)।**

यूपी विधानसभा का मानसून सत्र सोमवार (29 जुलाई) से शुरू हो रहा है। लोकसभा चुनाव में पीडीए फॉर्मूले पर चल कर इंडी गठबंधन ने उत्तर प्रदेश में भाजपा पर बढ़त बनाई। संविधान बदलने और आरक्षण समाप्त करने का विपक्ष का नैरेटिव भी सफल रहा। इंडी गठबंधन मानसून सत्र में विधान परिषद और विधानसभा में भी इन दोनों मुद्दों को पूरी ताकत से उठाएगा। साथ ही पेपर लीक, बेरोजगारी, महंगाई और कानून व्यवस्था के मुद्दे पर भी सरकार को घेरेगा।

लोकसभा चुनाव में यूपी में सपा-कांग्रेस के इंडी गठबंधन ने एनडीए को जबरदस्त शिकस्त दी है। इसी जीत ने केंद्र में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार नहीं बनने दी। इससे विपक्ष उत्साहित है। ऐसे में वह पहले से ज्यादा उत्साह और ताकत के साथ सरकार को घेरने की कोशिश करेगा। प्रदेश की भाजपा सरकार में बीते एक महीने से खींचतान चल रही है।

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और उनके समर्थक विधायक खुलेआम सरकार की व्यवस्थाओं पर सवाल उठा रहे हैं। खासतौर पर पिछड़े और दलित वर्ग के विधायकों का एक बड़ा समूह बीते कुछ दिनों से लामबंदी कर रहा है।

भाजपा नेतृत्व को खतरा है कि नाराज विधायक सदन के अंदर हंगामा न कर दें, जिससे पार्टी और योगी सरकार को मुश्किल हो। हालांकि लामबंदी में शामिल एक विधायक ने बताया कि मानसून सत्र में कोई हंगामा नहीं होगा।

विधानसभा के मानसून सत्र में सदन के 403 में से 394 विधायक शामिल हो सकेंगे। अंबेडकर नगर की कटेहरी, फैजाबाद की मिल्कीपुर, अलीगढ़ की खैर, मुजफ्फरनगर की मीरापुर, कानपुर की सीसामऊ, कानपुर की फूलपुर, मिर्जापुर की मझवां, मैनपुरी और गाजियाबाद सीट रिक्त है। विधानसभा के मानसून सत्र में सपा के 7 बागी विधायकों पर सबकी निगाह रहेगी। रायबरेली के ऊंचाहार से विधायक मनोज पांडेय, अयोध्या के गोसाईगंज से विधायक अभय सिंह, अमेठी के गौरीगंज से विधायक राकेश प्रताप सिंह, कालपी के विधायक विनोद चतुर्वेदी, इलाहाबाद पश्चिम से विधायक पूजा पाल, बिसौली से विधायक आशुतोष मौर्य और अंबेडकरनगर के जलालपुर विधायक राकेश पांडेय ने राज्यसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ के पक्ष में क्रॉस वोटिंग की थी।

मनोज पांडेय ने लोकसभा चुनाव में भाजपा की सदस्यता भी ग्रहण की थी। सपा की ओर से इन विधायकों के खिलाफ दलबदल विरोधी कानून के तहत याचिका दायर की जाएगी। ऐसे में सदन में ये 7 विधायक कहां बैठेंगे, इनकी भूमिका क्या होगी, इस पर सभी की निगाह रहेगी। सपा अध्यक्ष अखि-लेश यादव पहले ही साफ कर चुके हैं कि जो भी विधायक सपा छोड़कर भाजपा में गए हैं, उनके लिए अब समाजवादी पार्टी में कोई जगह नहीं हैं।

सपा के सात बागी विधायकों को सदन में बैठने के लिए अलग जगह निर्धारित की जा सकती है। विधायकों ने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना और योगी सरकार से सदन में सम्मानजनक स्थान दिलाने का आग्रह किया है। सूत्रों के मुताबिक, सभी सात विधायकों ने तय किया है कि वह सदन में सरकार के साथ रहेंगे। विधानसभा की कार्यवाही फिलहाल 29 जुलाई से 2 अगस्त तक संचालित होनी है।

### अखिलेश यादव ने फिर किया चाचा शिवपाल को अपमानित

# माता प्रसाद को बना दिया विधानसभा का नेता प्रतिपक्ष

**लखनऊ, 28 जुलाई (एजेंसियां)।**

अखिलेश यादव ने फिर अपने चाचा शिवपाल यादव को अपमानित किया। शिवपा को विधानसभा में प्रतिपक्ष का नेता नहीं बना कर अखिलेश माता प्रसाद पांडेय को वह सम्मान दे दिया। सांसद बनने से पहले इस पद को खुद अखिलेश यादव ने अपने पास रखा था, लेकिन अब उन्होंने नए नाम का ऐलान कर दिया है। चर्चा थी कि अखिलेश अपने चाचा शिवपाल यादव को ये पद सौंप सकते हैं, लेकिन उन्होंने पार्टी के वरिष्ठ नेता का नाम चुना और चाचा को चौखट पर छोड़ दिया।

माता प्रसाद पांडेय सपा के बड़े ब्राह्मण चेहरे के रूप में जाने जाते हैं। पूर्वांचल की राजनीति में माता प्रसाद का बड़ा रसूख है। वह सिद्धार्थनगर की इटवा विधानसभा से विधायक हैं। इससे पहले 2012 में जब अखिलेश पहली बार यूपी के सीएम बने थे, तब उन्होंने माता प्रसाद पांडे को विधानसभा का अध्यक्ष बनाया था। यूपी में ब्राह्मणों की आबादी 12 फीसदी से अधिक है। हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को बड़ी सफलता मिली है। माना जा रहा है कि पिछड़े और दलितों ने बड़ी संख्या में सपा-कांग्रेस गठबंधन को वोट दिया। हालांकि अगड़ी जातियों का वोट भाजपा को बड़ी संख्या में मिला। ऐसे में अब विधानसभा चुनाव से ठीक 2 साल पहले अखिलेश यादव ने नेता प्रतिपक्ष की कमान ब्राह्मण चेहरे को सौंपी है और अगड़ी जातियों को साधने की कोशिश की है।

नेता प्रतिपक्ष पद के लिए शिवपाल सिंह यादव और समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ विधायक इंद्रजीत सरोज का नाम भी चल रहा था। अखिलेश ने दोनों बड़े नेताओं को दरनिकार करते हुए माता प्रसाद पांडेय को चुना। शिवपाल सिंह यादव उत्तर प्रदेश की जसवंतनगर विधानसभा से विधायक हैं और यूपी की राजनीति में बड़ा नाम है। अखिलेश यादव अपने चाचा शिवपाल सिंह यादव को लगातार अपमानित करते रहे हैं।


इसके साथ ही अखिलेश यादव ने कमाल अख्तर को यूपी विधानसभा का मुख्य सचेतक बनाया है। कमाल अख्तर को सपा के बागी विधायक मनोज पांडेय की जगह मिली है। इससे पहले यह पद मनोज पांडेय के पास था, जिन्होंने फरवरी में पार्टी से बगावत कर ली थी और अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। अखिलेश ने विधायक महबूब अली को अधिष्ठाता मंडल, कमाल अख्तर को मुख्य सचेतक और राकेश कुमार उर्फ आरके वर्मा को उप सचेतक नियुक्त किया है।

### डॉ. पद्मजा सिंह की पुस्तक 'नाथपंथ का इतिहास' पर विद्वानों की राय

# गोरक्षपीठ की ऐतिहासिक मान्यता का तथ्यपरक प्रमाण

**गोरखपुर, 28 जुलाई (एजेंसियां)।**

योग को लोक कल्याण का ध्येय बनाने वाले नाथपंथ पर साहित्य सम्यक ज्ञानकोष के साथ ही अब इतिहास सम्यक, तथ्यपरक शब्द-ज्ञान संसार भी समृद्ध हो रहा है। नाथपंथ की इतिहासपरक जानकारी उपलब्ध कराने वाले नाथपंथ के विशिष्ट अध्येता डॉ. प्रदीप कुमार राव के ग्रंथ नाथपंथ की वर्तमान उपादेयता का ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य के महत्वपूर्ण अवदान के बाद अब नाथपंथ के विशेषज्ञ के रूप में प्रतिष्ठित डॉ. पद्मजा सिंह नाथपंथ का इतिहास शीर्षक से एक पुस्तकीय कृति का सृजन किया है।




डॉ. पद्मजा सिंह की यह पुस्तक न केवल नाथपंथ के आविर्भाव और पुनर्गठन का ऐतिहासिक विवेचन करती है बल्कि यह इस पंथ की विशिष्टता और लोक कल्याण की इसकी स्वतः स्फूर्त प्रकृति और तत्संबंधी गतिविधियों को भी आमजन के समक्ष सरलता से प्रस्फुटित करती है। यह पुस्तक ऐतिहासिक आख्यान और तथ्यों के साथ यह विश्लेषण करती है कि महात्मा बुद्ध के बाद भारत में सामाजिक पुनर्जागरण का शंखनाद महायोगी गोरखनाथ जी ने किया। महायोगी गोरखनाथ जी ऐतिहासिक युग में भारतीय इतिहास के ऐसे पहले तपस्वी हैं जिन्होंने विशुद्ध योगी होते हुए भी सामाजिक राष्ट्रीय चेतना का नेतृत्व किया। वास्तव में उन्होंने नाथपंथ का पुनर्गठन ही सामाजिक पुनर्जागरण के लिए किया। पारलौकिक जीवन के साथ भौतिक जीवन का सामंजस्य बिठाने वाले महायोगी ने भारतीय समाज में सदाचार, नैतिकता, समानता और स्वतंत्रता की वह लौ प्रज्ज्वलित की जिसकी लपटें जाति-पांति, छुआछूत, ऊंच-नीच, अमीरी-गरीबी, पुरुष-स्त्री, विषमताओं और क्षेत्रीयतावाद जैसी प्रवृत्तियों को निरंतर जलाती रहीं।

डॉ. पद्मजा सिंह की पुस्तक यह बताती है कि नाथपंथ के विचार-दर्शन ने एक ऐसी योगी परंपरा को जन्म दिया जिसने भारतीय संस्कृति की एकाकार सामाजिक चिंतन की प्रतिष्ठा को ही अपना उद्देश्य बना लिया। वास्तव में ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में देखें तो भारत के सामाजिक-सांस्कृतिक जीवन को सर्वाधिक प्रभावित करने वाले मध्ययुगीन भक्ति आंदोलन की राह नाथपंथी योगियों ने गढ़ी। समस्त मध्यकालीन भक्ति साहित्य महायोगी गोरखनाथ एवं नाथपंथ की साहित्यिक चेतना से प्रतिबिंबित है।

वर्तमान दौर में गोरखपुर स्थित श्रीगोरक्षपीठ को ही नाथपंथ का निर्विवाद मुख्यालय क्यों माना जाता है, यह पुस्तक इस तथ्य को भी अत्यंत तर्कपूर्ण तरीके से स्पष्ट करती है। नाथपंथ की परंपरा के अनुसार गोरखपुर में स्थित श्रीगोरखनाथ मंदिर उसी स्थान पर है जहां त्रेतायुग में गुरु गोरखनाथ जी ने तपस्या की थी और गहन समाधि लगाई थी। इसलिए यह नाथसिद्धों की सर्वोच्च पीठ है। श्रीगोरखनाथ मंदिर के महंत नाथयोगियों के आध्यात्मिक नेता माने जाते हैं क्योंकि नाथपंथ की परंपरा में इस मंदिर एवं पीठ के महंत एवं पीठाधीश्वर महायोगी गोरखनाथ जी के प्रतिनिधि माने जाते हैं। नाथपंथी योगियों की यह भी मानता है कि महायोगी गोरखनाथ जी की अदृश्य उपस्थित आज भी इस मंदिर में रहती है और वे समय-समय पर इस मंदिर के महंत का मार्गदर्शन करते हैं। यही कारण है कि यहां के महंत का स्थान नाथपंथ में सर्वोच्च माना गया है। महायोगी गोरखनाथ द्वारा प्रतिष्ठित महान आध्यात्मिक आदर्श की सुरक्षा का दायित्व इस मंदिर के महंत पर ही होता है। श्रीगोरखनाथ मंदिर की यह विशेषता भी है कि इसके कपाट सभी के लिए खुले रहते हैं। इस मंदिर के सभी महंत बिना भेदभाव समाज में सभी के यहां, सभी के साथ पानी पीते हैं, भोजन करते हैं और अपने भंडारे में सभी के साथ भोजन प्रसाद ग्रहण करते हैं।

नाथपंथ का इतिहास पुस्तक मुख्यतः नौ खंडों में विभक्त है। भूमिका के पहले खंड के बाद दूसरे खंड में नाथपंथ का परिचय, तीसरे खंड में नाथपंथ के प्रवर्तक गुरु गोरखनाथ के बारे में विस्तार से वर्णन है। चौथे खंड में नवनाथ और चौरासी सिद्धों का सविस्तार उल्लेख है तो पांचवें खंड में नाथपंथ की महंत परंपरा, छठवें खंड में नाथयोग के दर्शन एवं स्वरूप, सातवें खंड में नाथयोग का समाज पर प्रभाव वर्णित है। जबकि आठवें खंड में नाथपंथ की सामाजिक भूमिका और नौवें खंड में नेपाल में नाथपंथ की स्थिति पर प्रकाश डाला गया है। मूल रूप से देवरिया जिले के नगवा खास गांव की निवासी डॉ. पद्मजा सिंह दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के प्राचीन इतिहास, पुरातत्व एवं संस्कृति विभाग से स्नातकोत्तर में गोल्ड मेडलिस्ट रही हैं। वर्तमान समय में इसी विश्वविद्यालय में प्राचीन इतिहास, पुरातत्व एवं संस्कृति विभाग में सहायक आचार्य के पद पर सेव-ारत डॉ. पद्मजा ने अपना शोध भी नाथपंथ का उद्भव एवं विकास : एक ऐतिहासिक विवेचन विषय पर पूरा किया है। अपनी नवीनतम कृति नाथपंथ का इतिहास के संदर्भ में उनका कहना है कि यह पुस्तक ऐतिहासिक स्रोतों के प्रमाणों पर आधारित लिखी गई है। नाथपंथ के इतिहास पर शोधपूर्ण विवेचन के साथ यह पुस्तक महायोगी गोरखनाथ से लेकर वर्तमान तक के नाथपंथ के इतिहास का विहंगम रेखांकन है। नाथपंथ और उससे संबंधित विषयों पर शोध करने वाले अध्येताओं के लिए यह पुस्तक अत्यंत उपयोगी होगी।

# गोल्डी और अशोक मसालों में भी मिले खतरनाक कीटनाशक

**लखनऊ, 28 जुलाई (एजेंसियां)।**

जिन मसालों को हम अपनी रसोई का अहम हिस्सा मानते हैं, वे हमारे स्वास्थ्य के लिए खतरनाक हैं। गोल्डी, अशोक, भोला सब्जी मसाले समेत 13 कंपनियों के नूमने जांच में फेल हो गए हैं। उत्तर प्रदेश खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) का कहना है कि इन कंपनियों के कई उत्पाद खाने के योग्य नहीं हैं। इससे पहले चऊक्र और एवरेस्ट के मसालों पर सिंगापुर और हांगकांग ने प्रतिबंध लगा दिया था। दरअसल, इस साल मई में कानपुर स्थित मसालों की 13 कंपनियों पर एफएसडीए के अफसरों ने छापा मारा था। इनके अलग-अलग मसालों के 35 उत्पाद के नमूने जांच के लिए भेजे थे। इनमें से 23 की रिपोर्ट सामने आई है। इन मसालों में पेस्टीसाइड और कीटनाशक की मात्रा काफी अधिक मिली है। इसमें कीड़े भी मिले हैं। इसके बाद एफएसडीए ने इन प्रोडक्ट्स की बिक्री पर रोक लगा दी है।

एफएसडीए के अफसरों ने कानपुर के दादानगर की शुभम गोल्डी मसाला कंपनी से सैंपल इकट्ठा किए थे। उनमें सांभर मसाला, चाट मसाला और गरम मसाला खाने योग्य नहीं है। इसमें कीटनाशक की मात्रा खतरनाक स्तर तक पाया गया है। दरअसल, शुभम गोल्डी कंपनी गोल्डी ब्रांड नाम से मसाला प्रोडक्ट बनाती है। बता दें कि गोल्डी मसाले के ब्रांड एंबेसडर अभिनेता सलमान खान हैं। इसी तरह नामी अशोक मसालों की दो कंपनियों के उत्प-ादों में भी खामियां पाई गई हैं। इनके धनिया पाउडर, गरम मसाला और मटर पनीर मसाला खाने योग्य नहीं है। ये स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक हैं। वहीं, भोला मसाले के प्रोडक्ट की बिक्री पर भी रोक लगा दी गई है। इसके बिरयानी मसाला, सब्जी मसाला और मीट मसाला सेफ नहीं है।

लोकल लेवल पर बिकने वाली 14 अन्य कंपनियों के प्रोडक्ट में भी हानिकारक पदार्थ पाए गए हैं। इन कंपनियों के हल्दी पाउडर में भी पेस्टिसाइट्स मिला है। एक अन्य नामचीन मसाले में प्रोपर-गाइट मिला है। इसका इस्तेमाल कीड़ों, खासकर मकड़ी से फसलों की रक्षा के लिए किया जाता है। 16 सैंपल में खतरनाक कीटनाशक और 7 में माइक्रो बैक्टीरिया मिले हैं।

अब खाद्य विभाग इन सभी कंपनियों के खिलाफ एडीएम सिटी कोर्ट में वाद दायर करेगा। इसके बाद जुर्माना तय होगा। जानकारों ने बताया कि ब्रांडेड कंपनियों के मसाले गोरखपुर, जौनपुर, झांसी, वाराणसी, फतेहपुर, बहराइच समेत कई शहरों में बेचे जा रहे हैं। सहायक खाद्य आयुक्त संजय प्रताप सिंह ने बताया कि इनकी बिक्री पर रोक लगा दी गई है।

# 25 दिनों में 9 लाख से आपदा पीड़ितों को मिली राहत

**लखनऊ, 28 जुलाई (एजेंसियां)।**

प्रदेश के बाढ़ प्रभावित इलाकों के पीड़ितों के लिए राहत भरी खबर सामने आयी है। दरअसल, नेपाल और पहाड़ी इलाकों से पानी छोड़े जाने के बाद प्रदेश के करीब 26 जिलों में बाढ़ के हालात हो गए थे। वहीं इन इलाकों में तेजी से सुधार हो रहा है। यहां का जलस्तर लगातार घट रहा है। इसी के साथ योगी सरकार ने इन इलाकों में संचारी रोगों की रोकथाम के लिए विशेष अभियान शुरू कर दिया है ताकि कोई भी व्यक्ति इसकी चपेट में न आए। इसके अलावा योगी सरकार का इन इलाकों में राहत कार्य युद्धस्तर पर जारी है। योगी सरकार ने बाढ़ प्रभावित इलाकों में पिछले 25 दिनों में 9,31,629 लोगों को राहत सहायता पहुंचाई। इसके साथ ही बाढ़ से क्षतिग्रस्त 2284 मकानों के सापेक्ष 2134 लाभार्थियों को निशुल्क आवास की सुविधा प्रदान की गई है जबकि 150 लाभार्थियों को लाभ देने की प्रक्रिया चल रही है।


राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश के 26 जनपद बाढ़ से प्रभावित हैं। इनमें लखीमपुर खीरी, बलरामपुर, कुशीनगर, शाहजहांपुर, बाराबंकी, सीतापुर, गोंडा, सिद्धार्थनगर, बलिया, गोरखपुर, बरेली, आजमगढ़, हरदोई, अयोध्या, बहराइच, बदायूं, फर्रुखाबाद, बस्ती, देवरिया, मऊ, मुरादाबाद, रामपुर, महाराजगंज, उन्नाव, पीलीभीत और श्रावस्ती शामिल हैं। इन बाढ़ प्रभावित जिलों की 78 तहसील के 1813 गांवों, 40 वार्ड और 145 कटान गांव समेत कुल 15 लाख से अधिक जनसंख्या प्रभावित है। इनमें से 9,31,629 लोगों को राहत सहायता पहुंचाई गई है। वहीं अब तक 38,894 मवेशियों को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया गया है। आपदा में अब तक 17 लोग अपनी जान गवां चुके हैं। इनके परिजनों को राज्य सरकार की ओर से 4-4 लाख रुपए की सहायता धनराशि प्रदान की जा चुकी है। वहीं 29 मवेशियों की बाढ़ के चपेट में आने से मौत हो चुकी है। योगी सरकार सभी पशु पालक को मुआवजा दे चुकी है। इतना ही नहीं बाढ़ की चपेट में आने से अब तक कुल 2284 मकानों क्षतिग्रस्त हो चुके हैं, जिसके सापेक्ष 2134 लाभार्थियों को निशुल्क आवास की सुविधा प्रदान की गई है जबकि 150 लाभार्थियों को लाभ देने की प्रक्रिया चल रही है। राहत आयुक्त ने बताया कि 282 सार्वजनिक परिसंपत्तियां भी बाढ़ से क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं।

BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

शुभ लाभ
म्हारो भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, सोमवार, 29 जुलाई, 2024

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें ।

# तेलंगाना की संस्कृति और विरासत का संरक्षण करेंगे: सीएम रेवंत



**हैदराबाद, 28 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने रविवार को कहा कि उनकी सरकार तेलंगाना की संस्कृति और विरासत को संरक्षित करेगी और उन्हें विश्व मानचित्र पर गर्व से स्थापित करेगी।

उन्होंने आगा खान ट्रस्ट फॉर कल्चर द्वारा ऐतिहासिक कुतुब शाही कब्रों के जीर्णोद्धार के पूरा होने के अवसर पर एक कार्यक्रम में भाग लिया। पुनर्स्थापना परियोजना संयुक्त रूप से तेलंगाना सरकार और आगा खान ट्रस्ट फॉर कल्चर द्वारा अमेरिकी राजदूत कोष फॉर कल्चरल प्रिजर्वेशन (एएफसीपी) के सहयोग से शुरू की गई थी। 106 एकड़ में 100 से अधिक स्मारकों का संरक्षण 2013 में शुरू किए गए सबसे बड़े संरक्षण कार्यक्रमों में से एक था। इस कार्यक्रम में पर्यटन मंत्री जुपल्ली कृष्णा राव, हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी, प्रिंस रहीम आगा खान और अन्य शामिल हुए।

मुख्यमंत्री ने ऐतिहासिक स्मारकों के संरक्षण में सहयोग और उदारता के लिए राज्य सरकार और हैदराबाद के लोगों की ओर से आगा खान ट्रस्ट फॉर कल्चर का आभार व्यक्त किया और उसकी सराहना की। रेवंत रेड्डी ने कहा कि कुतुब शाही हेरिटेज पार्क और सात मकबरे निज़ाम राजवंश के वास्तुशिल्प कौशल और सांस्कृतिक समृद्धि का प्रमाण हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि तेलंगाना हजारों वर्षों के इतिहास, संस्कृति और परंपराओं से संपन्न है। इस क्षेत्र पर सातवाहन, काकतीय, कुतुब शाही और अन्य लोगों का शासन था। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शासक ने अपनी अनूठी सांस्कृतिक छाप छोड़ी। उन्होंने कहा, तेलंगाना चारमीनार, गोलकुंडा किला, कुतुब शाही मकबरे, हजार स्तंभ मंदिर, रामप्पा मंदिर, आलमपुर मंदिर आदि जैसे वास्तुशिल्प चमत्कारों का केंद्र हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हैदराबाद अपनी गंगा-जमुनी तहजीब के लिए प्रसिद्ध है और यहां विविध संस्कृतियों वाले लोगों का सौहार्द और सह-अस्तित्व देखा जाता है। तेलंगाना को रामप्पा मंदिर पर गर्व है जिसे यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर स्थल के रूप में मान्यता दी गई है। असदुद्दीन ओवैसी ने हैदराबाद की महान ऐतिहासिक विरासत को बहाल करने के लिए आगा खान ट्रस्ट, तेलंगाना सरकार और अमेरिकी वाणिज्य दूतावास को धन्यवाद दिया। उन्होंने मुख्यमंत्री से कब्रों के रखरखाव के लिए आगा खान ट्रस्ट के प्रस्ताव पर विचार करने का आग्रह किया।

कुतुब शाही मकबरा दुनिया का सबसे बड़ा शाही क़ब्रिस्तान और एक प्रमुख पर्यटक आकर्षण है। कुतुब शाही राजवंश (1518-1687) के शासकों के मकबरों सहित 100 से अधिक स्मारकों के साथ, राजसी गोलकुंडा किले के तल पर स्थित विशाल परिसर को जीवन का एक नया पट्टा मिला है। कुतुब शाही हेरिटेज पार्क नामक परिसर में 40 मकबरे, 23 मस्जिदें, बावड़ियां, एक हमाम (शवगृह स्नान), मंडप और उद्यान संरचनाएं हैं, जिनमें से प्रत्येक अपनी अद्भुत भव्यता और स्थापत्य शैली के अद्वितीय संश्लेषण के साथ है। शाही क़ब्रिस्तान की बहाली 2013 में शुरू हुई जब तत्कालीन आंध्र प्रदेश राज्य पुरातत्व और संग्रहालय विभाग, क्यूक्यूएसयूडीए, एकेटीसी और आगा खान फाउंडेशन द्वारा मकबरे परिसर के एक एकीकृत संरक्षण और परिदृश्य बहाली परियोजना के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए थे। पूरे परिसर को तीन क्षेत्रों में विभाजित किया गया है - मुख्य पुरातात्विक क्षेत्र, एक आगंतुक सुविधा क्षेत्र और एक जैव विविधता क्षेत्र।

संरक्षण गतिविधियों को पत्थर और चूने के साथ काम करने वाले मास्टर कारीगरों द्वारा कार्यान्वित किया गया है। परियोजना में शिल्प-आधारित दृष्टिकोण, पारंपरिक भवन शिल्प को पुनर्जीवित करना और संरक्षण में पारंपरिक सामग्रियों का उपयोग करना शामिल था। नवंबर 2022 में, यूनेस्को ने कुतुब शाही मकबरे में छह बावड़ियों के संरक्षण को विशिष्टता पुरस्कार से मान्यता दी थी।

ऐसा माना जाता है कि इन सभी बावड़ियों का निर्माण 16वीं और 17वीं शताब्दी के बीच कुतुब शाही वंश के पहले शासक सुल्तान कुतुब-उल-मुल्क के अधीन किया गया था।




# बाबा गंगाराम भजन संध्या आयोजित



**हैदराबाद, 28 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

विष्णु अवतारी श्री बाबा गंगाराम जी की भजन संध्या का आयोजन रविवार को अंकुर मोदी, सुपुत्र रामबाबू मोदी के कोंडापुर स्थित अपर्णा सरीन पार्क पर किया गया।

इस अवसर पर बाबा गंगाराम जी का पंचदेव दरबार सजाया गया जिसमें बाबा गंगाराम सहित भक्त शिरोमणि देवकीनन्दन जी, शक्ति स्वरुपा देवी गायत्री, माता लक्ष्मी, श्री शिव परिवार, श्री हनुमान तथा माता दुर्गा का अलौकिक श्रृंगार किया गया। सावन मास के चलते इस अवसर पर शक्ति स्वरुपा गायत्री माता जी के सिंधारे भी किये गये। हैदराबाद के प्रसिद्ध भजन गायक घनश्याम शर्मा ने इस अवसर पर अपनी मधुर वाणी में भजनों की अमृत वर्षा की।

भजन संध्या में बड़ी संख्या में परिवारिक सदस्यों तथा मित्रों के साथ बाबा गंगाराम सेवा समिति हैदराबाद के सभी सदस्य सपरिवार उपस्थित रहे और भजनों का आनंद लिया।

# गुरु के बिना इंसान का जीवन संपूर्ण नहीं हो सकता : अदिति भारती



## दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान का गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम सम्पन्न

**हैदराबाद, 28 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा रविवार सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक पद्मराव नगर, सिकंदराबाद स्थित कौथा कल्याण मंडपम में गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर गुरुदेव आशुतोष महाराज की शिष्या विदुषी साध्वी अदिति भारती का संस्थान के दिल्ली स्थित मुख्यालय से विशेष आगमन हुआ। साध्वी जी ने कहा कि शिष्य के शिष्यत्व की सफलता का मूल आधार गुरु के चरणों में अटूट श्रद्धा व विश्वास है। उन्होंने कहा कि गुरु और शिष्य का सम्बन्ध परम पवित्र है क्योंकि इसका आधार ईश्वर दर्शन है। जिस प्रकार वृक्ष की जड़ धरती में होती है तथा उसकी जड़ें जब तक मिट्टी से जुड़ी रहती है तब तक ही वह वृक्ष हरा भरा रहता है। इसी प्रकार गुरु के साथ जुड़कर ही इंसान को मोक्ष की प्राप्ति संभव है।

गुरु के बिना शिष्य का जीवन नीरस है। जैसे जल के बिना मछली का जीवन निराधार है, उसी प्रकार इंसान का जीवन गुरु के बिना संपूर्ण नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि भले ही आध्यात्मिक विद्या प्राप्त करने की बात हो या फिर नैतिक जीवन के ज्ञान की, गुरु के बिना यह संभव नहीं है।

मंच का संचालन कर रहीं साध्वी दक्षिता भारती ने जीवन में गुरु के महत्व को अपरिहार्य बताया। साथ ही उन्होंने दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा धर्म प्रचार तथा मानवता की सेवा के लिए किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शिक्षा से लेकर राष्ट्र निर्माण के लिए दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा कई प्रकल्प निरंतर रूप से चलाए जा रहे हैं।

कार्यक्रम में शिष्यों द्वारा गुरु महिमा पर सुंदर भजनों का गायन किया गया, जिससे सभी श्रोता भाव-विभोर हो उठे। अंत में महामंगल आरती व महाप्रसाद के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में लगभग 500 लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के संरक्षण प्रकल्प के अंतर्गत पौधों का निःशुल्क वितरण भी किया गया।

# तेलंगाना में कानून और व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त : हरीश राव

**हैदराबाद, 28 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी से राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था की स्थिति पर ध्यान केंद्रित करने की मांग करते हुए बीआरएस विधायक और पूर्व मंत्री टी हरीश राव ने कहा कि बढ़ती अपराध दर पुलिस की विफलता के कारण है। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री, जिनके पास कानून एवं व्यवस्था विभाग है, ने शायद ही कभी कानून एवं व्यवस्था की स्थिति पर समीक्षा की हो।



उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों के दौरान तेलंगाना जो निवेश हासिल करने में कामयाब रहा, वह एक शांतिपूर्ण राज्य के रूप में उसके टैग के कारण था। लेकिन मौजूदा स्थिति तेलंगाना की असामान्य है। कानून-व्यवस्था की स्थिति पूरी तरह चरमरा गई है। पिछले आठ महीनों के दौरान राज्य में लगभग 500 हत्याएँ दर्ज की गईं। विधानसभा में मुद्दा उठाने के बाद हैदराबाद शहर में इस सूची में दो और हत्याएं शामिल हो गईं। बिगड़ती स्थिति पर मुख्यमंत्री पुलिस के साथ समीक्षा करने में विफल रहे। हरीश राव ने कहा, अगर राज्य में मौजूदा स्थिति कोई संकेत है, तो हैदराबाद और राज्य की प्रतिष्ठा दांव पर होगी, उन्होंने चेतावनी दी कि इससे राज्य में आने वाले निवेश पर भी असर पड़ेगा। उन्होंने राज्य में एक बार फिर शांति और सामान्य स्थिति स्थापित करने के लिए असामाजिक तत्वों को सख्ती से कुचलने के लिए कदम उठाने का आह्वान किया।



श्री येदुगुडुल्ला पोचम्मा मंदिर नामपल्ली में माता का आशीर्वाद लेते हुए भाजपा नेता गोविंद राठी एवं मनोज जायसवाल। साथ में मंदिर के अध्यक्ष चौधरी आनंद कुमार गौड़, थाटा महंत प्रदीप कुमार अग्रवाल।

# शहर में दो लोगों ने की आत्महत्या

**हैदराबाद, 28 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

शनिवार रात शहर में अलग-अलग मामलों में दो लोगों की आत्महत्या से मौत हो गई। कालापाथर निवासी मोहम्मद पाशा (19) ने एस्बेस्टस छत वाले घर में छत की रॉड से फांसी लगाकर जान दे दी। परिवार के सदस्यों ने पुलिस को बताया कि पाशा अपनी मां की मृत्यु के बाद घर में अकेला रह रहा था और हो सकता है कि वह इस बात से अवसाद में आ गया हो और उसने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मामला दर्ज कर लिया गया है।

एक अन्य मामले में संतोषनगर में अपने परिवार के साथ रहने वाले के साजन कुमार (35) की जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई। शनिवार दोपहर साजन घर आया और फर्श पर गिर पड़ा। उसे एक अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया जहां रविवार तड़के इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। परिजनों ने पुलिस को बताया कि साजन आर्थिक तंगी से जूझ रहा था और उसने जहरीला पदार्थ खा लिया होगा।



तेलंगाना बोनालु जात्रा के अवसर पर श्री महाकाली माता मंदिर में बोनालू महोत्सव मनाया गया। चूड़ी बाज़ार में आयोजित इस महोत्सव में पोतराज श्रीनिवास, नरसिंग प्रसाद साहू, सुनील साहू, संतोष साहू, सचिन कुमार, नितिन कुमार, अनिल कुमार, वंश साहू, डी. राजेंद्र, और अन्य आयोजक उपस्थित रहे।

# तेयुप ने आयोजित की भिक्षु दर्शन प्रशिक्षण कार्यशाला

**हैदराबाद, 28 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

तेयुप हैदराबाद ने शासन श्री साध्वी शिवमाला जी आदि ठाणा 4 के सानिध्य में अभातेयुप द्वारा निर्देशित भिक्षु दर्शन प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया।



राजेन्द्र बोथरा द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार कार्यक्रम की शुरुआत नमस्कार महामंत्र से की गई। विजय गीत भिक्षु प्रज्ञा मंडली के द्वारा प्रस्तुत किया गया । श्रावक निष्ठा पत्र का वाचन तेयुप के पूर्व अध्यक्ष राज कुमार सांखला ने किया। तेरापंथ युवक परिषद अध्यक्ष अभिनंदन नाहटा ने सभी का स्वागत करते हुए आचार्य भिक्षु के जीवन पर प्रकाश डाला और उनका जीवन सभी के लिए प्रेरणामय एवम अनुकरणीय बताया। सभा अध्यक्ष सुशील संचेती ने सभी संघीय संस्थाओं के तरफ से तेयुप को कार्यक्रम आयोजन करने पर बधाई दी एवं मंगलकामनाएं प्रेषित की। साध्वी अमित रेखा जी ने अपने वक्तव्य में कहा कि संपूर्ण समाज को आचार्य भिक्षु के जीवन से प्रेरणा लेकर आध्यात्मिक पथ पर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने आगे फरमाया कि आचार्य भिक्षु का जीवन संघर्षों से भरा था पर उन्होंने संयम के पथ को कभी नहीं छोड़ा ठीक उसी प्रकार हम भी संयम के मार्ग को नही छोड़ना चाहिए। तेरापंथ किशोर मंडल के सदस्यों ने आचार्य भीखण जी के जीवन के विभिन्न प्रेरक प्रसंगों को एक नाटिका के माध्यम से प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में मुमुक्षु मानवी आंचलिया का सभी संघीय संस्थाओं द्वारा अभिनंदन किया गया एवं आध्यात्मिक मंगलकामनाएं प्रेषित की गई। मुमुक्षु मानवी आंचलिया ने अपने वक्तव्य में सभी को विभिन्न परिस्थिति में समभाव रहने की प्रेरणा दी। साध्वी अर्हम प्रभाजी एवं साध्वी रत्न प्रभाजी ने भी मुमुक्षु के प्रति मंगलकामना प्रेषित की।शासनश्री साध्वी शिवमाला जी ने आचार्य भिक्षु के जीवन के महत्वपूर्ण बिंदुओं को उजागर करते हुए उन्हें अपने जीवन में उतारने की प्रेरणा दी। साध्वी श्री ने मुमुक्षु के प्रति शुभेच्छा प्रेषित करते हुए हैदराबाद श्रावक समाज से ज्यादा से ज्यादा लोगो को वीतराग पथ पर बढ़ने की प्रेरणा दी। साध्-वीवृंद ने गीतिका के माध्यम से मुमक्षु को आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम में सहमंत्री सौरभ भंडारी, संगठन मंत्री जिनेन्द्र बैद, किशोर मंडल प्रभारी अरिहंत गुजरानी व गौरव भूतोरिया के साथ तेयूप पूर्व अध्यक्ष राजकुमार सांखला, प्रवीण श्यामसुखा, वीरेंद्र घोसल, जैन संस्कारक ललित लूनिया व तेयुप कार्यकर्ता सुदीप नौलखा, प्रकाश दुगड़, प्रकाश दफ्तरी, किशोर मंडल से कुशाल भंसाली, ऋषभ चिंडलिया, रुद्र बैद, जय पिंचा, हर्षित डुगर, अक्षय नाहर के साथ किशोर मंडल की टीम भी उपस्थित रही। हैदराबाद के सुप्रसिद्ध श्रावक भीखम चंद नखत को गुरुकृपा के लिए तेयूप ने आध्यात्मिक मंगलकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम संयोजक यश बागरेचा ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया। तेयुप उपाध्यक्ष मनीष पटवारी ने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान की। सहमंत्री जिनेन्द्र सेठिया ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# हैदराबाद के लालदरवाजा मंदिर में बोनालु उत्सव मनाने के लिए उमड़े श्रद्धालु











## राज्यपाल ने दी बोनालु उत्सव की शुभकामनाएं

**हैदराबाद, 28 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**



तेलंगाना के राज्यपाल सी. पी. राधाकृष्णन ने बोनालु उत्सव के अवसर पर रविवार को राज्य के लोगों को शुभकामनाएं दी। श्री राधाकृष्णन ने अपने संदेश में कहा, मैं राज्य उत्सव बोनालु के शुभ अवसर पर तेलंगाना के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। पारंपरिक बोनालु उत्सव तेलंगाना की अनूठी संस्कृति, विविध जीवन शैली और प्रकृति एवं पर्यावरण की देवी येल्लम्मा (महाकाली माता) की दिव्य पूजा को दर्शाता है। मैं बोनालु के इस शुभ अवसर पर देवी येल्लम्मा से भारत और तेलंगाना के सभी लोगों के स्वास्थ्य, कल्याण, शांति और विकास के लिए प्रार्थना करता हूं। उन्होंने कहा, तेलंगाना के लोगों को अपनी शुभकामनाएं और बधाई देते हुए, मैं एक बार फिर देवी महाकाली से प्रार्थना करता हूं कि वह भारत के सभी लोगों और विशेष रूप से तेलंगाना पर अपना दिव्य आशीर्वाद बरसाएं।

**हैदराबाद, 28 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

हर्षोल्लास के साथ बोनालु उत्सव में शामिल होने के लिए तेलंगाना में पुराने हैदराबाद के प्रसिद्ध लालदरवाजा सिंहवाहिनी महाकाली अम्मावरी मंदिर में रविवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।

सैकड़ों महिलाएं अपने सिर पर पीतल के बर्तनों में बोनम (पका हुआ चावल और गुड़) लेकर मां महाकाली को भोग लगाने के





लिए मंदिर के पास कतार में खड़ी दिखीं। बोनालू उत्सव के मुख्य आकर्षणों में लाल दरवाजा महाकाली मंदिर और हरि बाउली में ऐतिहासिक अक्कन्ना मदन्ना महाकाली मंदिर के साथ-साथ गौलीपुरा, उप्पुगुडा, अलियाबाद और अन्य प्रमुख मंदिर शामिल हैं। उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क ने अपने परिवार के साथ सरकार की ओर से देवी को पट्टू वस्त्रलु (रेशमी कपड़े) भेंट किए। मंत्री कोमाटी रेड्डी और केंद्रीय मंत्री किशन रेड्डी ने चारमीनार और अंबरपेट पर रेशम के कपड़े चढ़ाए। मंदिर समितियों ने देवी महाकाली को बोनम-पके हुए चावल, गुड़, दही और नीम की पत्तियां चढ़ाने के लिए महिलाओं के लिए अलग कतारों की व्यवस्था की है। उत्सव का समापन सोमवार को दोपहर एक बजे अक्कन्ना मदन्ना मंदिर में दैवज्ञ भविष्यवाणी, रंगम के साथ होगा, जिसके बाद देवी महाकाली के घटम को ले जाते हुए एक सुसज्जित हाथी की भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। उत्सव को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए मंदिर के आसपास के इलाकों में यातायात प्रतिबंधित कर दिया गया है। उत्सव को सुविधाजनक बनाने के लिए मंदिर के अधिकारियों और पुलिस ने व्यापक इंतजाम किए हैं। इसके अलावा, सिकंदराबाद छावनी क्षेत्र सहित शहर के अन्य हिस्सों में भी बोनालु उत्सव मनाया गया।

## बंडी संजय ने अकबरुद्दीन ओवेसी को दी कोडांगल से चुनाव लड़ने की चुनौती

**हैदराबाद, 28 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

एआईएमआईएम के फ्लोर लीडर अकबरुद्दीन औवेसी को अपनी कोंडांगल सीट देने के लिए मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी पर कटाक्ष करते हुए केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार ने ओवेसी को कोडांगल से चुनाव लड़ने की चुनौती दी और दावा किया कि उनकी पार्टी उन्हें हरा देगी।

रविवार को बोनालु उत्सव में भाग लेने के लिए ओल्ड सिटी की अपनी यात्रा के दौरान मीडिया से बात करते हुए संजय ने कहा कि अगर ओवैसी कोडांगल विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ते हैं तो वह अपनी जमानत नहीं बचा पाएंगे। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि वह हारे। एआईएमआईएम को अवसरवादी पार्टी बताते हुए भाजपा सांसद ने कहा कि मजलिस ने हमेशा अपने स्वार्थ के लिए सत्तारूढ़ दल से हाथ मिलाया है। उन्होंने कहा जब बीआरएस सत्ता में थी तो वे उस पार्टी के करीब थे। ओवेसी केसीआर को चाचा कहते थे। अब एक बार फिर पार्टी कांग्रेस के करीब हो गई है। औवेसी और रेवंत अब भाई बन गए हैं। मजलिस दीवार पर लगी बिल्ली की तरह है। हम नहीं जानते कि यह किस तरफ जाएगा। पुराने शहर में बोनालू उत्सव के आयोजन के लिए पर्याप्त धन आवंटित नहीं करने के लिए कांग्रेस सरकार की आलोचना करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने रमज़ान के दौरान 33 करोड़ रुपए जारी किए, जबकि पुराने शहर में बोनालू उत्सव के लिए केवल 5 लाख रुपए जारी किए गए। उन्होंने कहा कांग्रेस सरकार हिंदुओं के साथ भिखारी जैसा व्यवहार कर रही है। राज्य में भाजपा के सत्ता में आने के बाद, हम राज्य की हर सड़क पर बोनालू मनाएंगे।



केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार ने रविवार को हैदराबाद में बोनालू के अवसर पर हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय के साथ चारमीनार भाग्यलक्ष्मी अम्मावरी का दौरा किया।

## आंध्र: गुंडों ने कार पर किया हमला, एक की मौत

**काकीनाडा, 28 जुलाई (एजेंसियां)।**

आंध्र प्रदेश के काकीनाडा शहर में रविवार तड़के गुंडों के एक समूह ने कार पर हमला कर दिया। जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने मृतक की पहचान चेतला गली देवुडु (46) और घायलों की पहचान वुंदुर्ती साई रामकृष्ण, वुंदुर्ती वेंकट कुमारस्वामी और मट्टावर्ती नागेश्वरराव के रूप में की है। पुलिस ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और गुंडों को पकड़ने के लिए एक विशेष पुलिस दल तैनात किया गया है।

पुलिस ने बताया कि मुम्मीदीवरम मंडल के सुरैयाचेरुवु गांव के दस लोगों का एक समूह थलापुलम्मा लोवा के पवित्र मंदिर की ओर जा रहा था और आधी रात के बाद जब वे काकीनाडा पहुंचे तो मोटरसाइकिल पर तीन युवकों ने उन्हें जगन्नाधपुरम इलाके में शिवालयम केंद्र के पास रोका। पुलिस ने बताया कि युवकों ने उन पर यह कहते हुए चिल्लाना शुरू कर दिया कि उनकी कार ने 15 मिनट पहले तोरंगी में उनके वाहन को टक्कर मार दी थी। पुलिस ने कहा कि उनके साथ चार मोटरसाइकिलों पर सवार लोगों का एक समूह शामिल हो गया, जिन्होंने पथराव शुरू कर दिया और कार की विंडस्क्रीन और खिड़कियों को तोड़ दिया, जिससे कार में बैठे लोग घायल हो गए।

## आदिवासी विधायकों ने सीएम रेवंत से की 9 अगस्त को सार्वजानिक अवकाश घोषित करने की मांग

**हैदराबाद, 28 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

मंत्री सीताक्का ने अन्य आदिवासी विधायकों के साथ मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी से 9 अगस्त को छुट्टी घोषित करने का अनरोध किया। 9 अगस्त को अंतर्राष्ट्रीय आदिवासी दिवस के रूप में मनाया जाता है और कई देशों और आदिवासी क्षेत्रों में इस दिन छुट्टी घोषित की जाती है। संस्कृति और परंपराओं को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करने के लिए कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।



आदिवासियों के अधिकारों और उनकी सुरक्षा के तहत, संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 1994 में हर साल 9 अगस्त को अंतर्राष्ट्रीय आदिवासी दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया। इस दिन आदिवासी लोगों के अधिकारों को बढ़ावा देने और उनकी रक्षा के लिए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसे देखते हुए तेलंगाना के मंत्री और विधायकों ने छुट्टी घोषित करने का अनुरोध किया है।


## गांजा तस्करी के आरोप में दो गिरफ्तार

**निर्मल, 28 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

मुधोल में गांजा तस्करी के आरोप में रविवार को दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। उनके कब्जे से 443 ग्राम वजनी गांजा की पाउच कीमत लगभग 15,000 रुपए और एक मोटरसाइकिल जब्त की गई।

भैंसा के एएसपी अविनाश कुमार ने बताया कि भैंसा के ओवेसी नगर के शेख अहमद और महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले के धर्माबाद के इमामिया सैयद दिलदार अली को मुधोले के एक अस्पताल में गांजा बेचने की कोशिश करते हुए पकड़ा गया। दोनों ने एक पखवाड़े पहले नांदेड़ जिले के परभणी से गांजा पाउडर खरीदा था और इसे छोटे पाउच में पैक करके युवाओं को बेच रहे थे। अविनाश कुमार ने जनता से गांजा तस्करों की जानकारी 87126 59555 और 871265 9599 पर साझा करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि मुखबिरों की पहचान का खुलासा नहीं किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक डॉ. जानकी शर्मिला ने दोनों को पकड़ने के लिए मुधोल इंस्पेक्टर मल्लेश, सब-इंस्पेक्टर साई कुमार और बसर एसआई गणेश की सराहना की।

## खम्मम में शिक्षिका ने आठ बच्चों के काटे बाल अभिभावकों ने किया हंगामा



**आसिफाबाद, 28 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

तेलंगाना के खम्मम जिले के कल्लुरु मंडल में एक स्कूल में अनुशासन के नाम पर शिक्षिका ने आठ बच्चों के बाल काट दिए। बच्चों के अभिभावकों के विरोध जताने पर वहां हंगामा मच गया। जिला परिषद हाई स्कूल की अंग्रेजी की शिक्षिका सिरिशा ने लंबे बाल रखकर स्कूल आने पर आठ छात्रों के बाल काट दिए। बच्चों को पहले से ही बाल काटकर स्कूल आने की चेतावनी दी गई थी। शिक्षिका कई दिनों से बच्चों को बाल काटकर स्कूल आने के लिए कह रही थी, लेकिन बच्चे इसे अनसुना कर दे रहे थे। बच्चों के बाल न कटाने पर शिक्षिका ने खुद ही बच्चों के बाल काट दिए।

जब बच्चे घर लौटे तो उनके माता-पिता उनके कटे बाल देखकर चौंक गए। पूछने पर बच्चों ने बताया कि टीचर ने उनके बाल दिए। इससे नाराज अभिभावक आनन-फानन में स्कूल पहुंचे। उन्होंने इसका विरोध करते हुए शिक्षिका से बहस शुरू कर दी। इस दौरान वहां हंगामा खड़ा हो गया। अभिभावकों ने कहा कि शिक्षिका के इस कृत्य से बच्चे आत्मघाती कदम भी उठा सकते हैं, तो ऐसे में कौन जिम्मेदार होगा। इस पर वहां मौजूद अन्य शिक्षकों ने अभिभावकों को समझाया बुझाया। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य बच्चे को अनुशासित करना था। सभी बच्चे दिल के अच्छे हैं और पढ़ने में भी अच्छे हैं और एक शिक्षक के तौर पर हमारा कर्तव्य है कि हम उनके अच्छे भविष्य के लिए उन्हें अनुशासित करें। इसके बाद मामला शांत हो गया।

## डीसीए ने मोटापे और मानसिक स्वास्थ्य उपचार पर झूठे दावों वाली दवाएं कीं जब्त

**हैदराबाद, 28 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

शनिवार को की गई छापेमारी के दौरान ड्रग्स कंट्रोल एडमिनिस्ट्रेशन, तेलंगाना के अधिकारियों द्वारा मोटापा और मस्तिष्क की बीमारियों और विकारों के इलाज के भ्रामक दावों वाली कुछ दवाएं जब्त की गईं।

छापेमारी के दौरान ड्रग्स इंस्पेक्टर, यदाद्रि-भुवनगिरि जे. अश्विन कुमार के नेतृत्व में एक टीम ने सिद्ध-आयु आयुर्वेदिक रिसर्च फाउंडेशन, मध्य प्रदेश द्वारा निर्मित त्रिफला गुग्गुलु टैबलेट, एक आयुर्वेदिक दवा का पता लगाया। उत्पाद लेबल पर एक भ्रामक दावा किया गया था जिसमें कहा गया था कि यह मोटापे का इलाज करता है और यदाद्रि-भुवनगिरी जिले के चौटुप्पल में एक मेडिकल दुकान पर



छापे के दौरान दवाओं के स्टॉक को जब्त कर लिया गया। इस बीच, ड्रग्स इंस्पेक्टर, सिरिसिला, एल.आर.डी. भवानी और उनकी टीम ने अश्वगंधादि लेह्या नामक एक आयुर्वेदिक दवा का पता लगाया, जो मैनफर आयुर्वेदिक ड्रग्स, गवर्नरपेट, विजयवाड़ा द्वारा निर्मित है, जिसके उत्पाद लेबल पर भ्रामक दावा किया गया है कि यह अवसाद और संबंधित चिंता से राहत देती है। सिरिसिला में एक मेडिकल दुकान पर की गई छापेमारी के दौरान दवाओं के स्टॉक जब्त किए गए।

डीसीए ने रविवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि मोटापे और अवसाद और संबंधित चिंता/मस्तिष्क के रोगों और विकारों के इलाज के लिए दवा का विज्ञापन करना ड्रग्स एंड मैजिक रेमेडीज (आपत्तिजनक विज्ञापन) अधिनियम, 1954 के तहत निषिद्ध है। आगे की जांच की जाएगी और सभी अपराधियों के खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। डीसीए ने आगाह किया कि जो व्यक्ति कुछ बीमारियों और विकारों के इलाज के लिए दवाओं के बारे में भ्रामक विज्ञापन करते हैं, वे ड्रग्स एंड मैजिक रेमेडीज (आपत्तिजनक विज्ञापन) अधिनियम, 1954 के तहत दंडनीय हैं, जिसमें छह महीने तक की कैद या जुर्माना या दोनों हो सकते हैं।

# इलेक्ट्रिक एक्सपो 29 से 31 अगस्त तक हाइटेक्स में आयोजित होगा



**हैदराबाद, 28 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** इलेक्ट्रिक एक्सपो में ऊर्जा, पर्यावरण अनुकूल उत्पाद लॉन्च किए जा रहे हैं। अध्यक्ष सुरेश जैन ने रविवार को हैदराबाद में सचिव जीत सेठ के साथ इसका खुलासा करते हुए बताया कि एक्सपो मीडिया का उद्देश्य घरेलू उपयोग के लिए पर्यावरण अनुकूल और ऊर्जा दक्षता उपकरणों के नए युग के विकास को बढ़ाना और औद्योगिक और उपभोक्ता बाजार में महत्वपूर्ण कवरेज प्रदान करना है। भारत के तार और केबल बाजार का आकार 2023 में लगभग 1,083.71 बिलियन रुपये तक पहुंच गया है। बाजार के 2024 और 2032 के बीच 14.5 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है और 2032 तक लगभग 3655.81 बिलियन रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। इंजीनियरों सहित 30000 से अधिक लोगों के आने की उम्मीद है। पूरे भारत से तीन दिवसीय एक्सपो में रियल एस्टेट व्यवसायी, छात्र, आर्किटेक्ट और ठेकेदार और इच्छुक इंजीनियरों के आने की संभावना है।

आयोजकों ने यह भी बताया कि प्रवेश निः शुल्क लेकिन केवल पंजीकरण द्वारा होगा। एक्सपो में केंद्रीय उद्योग मंत्री पीयूष गोयल, कोयला एवं खान मंत्री जी. किशनरेड्डी और आईटी उद्योग मंत्री श्रीधर बाबू के शामिल होने की संभावना है। इलेक्टिव एक्सपो अग्रणी प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन करेगा जो न केवल हमारे उद्योगों में क्रांति लाएगी बल्कि आने वाली पीढ़ी के लिए एक स्वस्थ ग्रह भी सुनिश्चित करेगी। यह एक्सपो महत्वपूर्ण है क्योंकि यह ऐसे समय में हो रहा है जब टिकाऊ ऊर्जा की वैश्विक मांग कभी इतनी अधिक नहीं रही। इलेक्ट्रिक एक्सपो सिर्फ यह प्रदर्शित नहीं करता कि क्या संभव है, यह एक स्वच्छ, हरित और अधिक टिकाऊ दुनिया के लिए कार्रवाई का आह्वान है। इस आयोजन का शीर्षक प्रायोजक पॉलीकैब है। एक्सपो में सीपीडब्ल्यूडी, आरएंडबी, आर्किटेक्ट्स, इंजीनियर्स, इलेक्ट्रिकल कंसल्टेंट्स, औद्योगिक क्षेत्रों और हैदराबाद के बड़े फार्मा अनुभाग जैसे सरकारी विभागों से 30000 लोगों के आने की संभावना है। इसमें पूरे भारत के प्रमुख ब्रांड अपनी नवीनतम तकनीकों और उत्पादों का प्रदर्शन करते हैं। इलेक्ट्री एक्सपो 2024 के 5वें संस्करण में सेटा द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में स्विच, एलईडी, वायर, केबल उद्योग के कुछ प्रमुख नामों को प्रदर्शित किया जाएगा, जिनमें पॉलीकैब, फाइनकैब, फ़ाइब्रोस, केईआई, ऑर्बिट, स्टैंजो, श्नाइडर और पूरे भारत के अन्य उद्योग शामिल हैं। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष विपिन गुप्ता, प्रोजेक्ट चेयरमैन सुधीर कोठारी, पूर्व अध्यक्ष राजेश सुराणा, सिद्धार्थ, केवलरमानी और समिति के सदस्य भी उपस्थित थे।

# श्री अक्कन्ना मदन्ना महाकाली मंदिर को पट्टू वस्त्र किए भेंट









**हैदराबाद, 28 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** श्री अक्कन्ना मदन्ना महानकाली मंदिर के 76वें वार्षिक बोनालू महोत्सव के अवसर पर महाअभिषेक मंदिर समिति के आयोजन सचिव एस.पी.क्रांति कुमार द्वारा किया गया। सुबह 11:00 बजे राज्य सरकार की ओर से आईटी मंत्री दुद्दीला श्रीधर बाबू और उनकी पत्नी शैलजा रामियेर द्वारा पट्टू वस्त्र समर्पण किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री बंडी संजय, बंदोबस्ती मंत्री कोंडा सुरेका, बीसी कल्याण और हैदराबाद प्रभारी मंत्री पोन्नम प्रभाकर, विधान परिषद के उपाध्यक्ष बंडा प्रकाश मुदीराज, महबूबनगर के सांसद डी.के.अरुणा, भोंगिर के सांसद चमाला किरण कुमार रेड्डी, मल्काजगिरी के सांसद एटाला राजेंदर, राज्यसभा सदस्य एम.अनिल कुमार यादव, एमएलसी के. बालमूर वेंकट, तीनमार मल्लाना, विधायक राज मक्कन ठाकुर, अटलुरी लक्ष्मण, पूर्व मंत्री वी.हनुमंत राव, पूर्व विधायक एम.कोडंडा रेड्डी, सी.कृष्णा यादव एवं कई अधिकारियों और प्रसिद्ध हस्तियों ने भाग लिया।



अभिनेता माधव राव के साथ चटनी होटल जुबली हिल्स में केबीआर पार्क लाफिंग क्लब के सदस्यों सुदर्शन दारुका, डॉ. राधा कृष्ण, गोपाल बलदवा एवं अन्य।



श्री महाकाली माता मंदिर गौलीगुडा में बोनालु उत्सव में भाग लेते हुए बी. महेश कुमार गौड़ एमएलसी एवं तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष, जमबाग डिवीज़न पार्षद राकेश जयसवाल। साथ में हैं रुद्र राजू, वरिष्ठ बीआरएस नेता एम. आनंद कुमार गौड़, सुरेश टॉल्डी, संजय, अनिल, नरसिंग एवं अन्य।

# खोए हुए मोबाइल फोन बरामद करने में तेलंगाना पुलिस देश में दूसरे स्थान पर

**हैदराबाद, 28 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** इस साल अब तक खोए और चोरी हुए मोबाइल फोन बरामद करने के मामले में तेलंगाना पुलिस देश में दूसरे स्थान पर रही। केंद्रीय उपकरण पहचान रजिस्टर (सीईआईआर) का उपयोग करते हुए राज्य पुलिस ने 1 जनवरी से 25 जुलाई के बीच 21,193 मोबाइल डिवाइस बरामद किए जो या तो चोरी हो गए थे या खो गए थे और उन्हें मालिकों को वापस कर दिया।

अतिरिक्त डीजीपी (सीआईडी) शिखा गोयल ने बताया कि सीईआईआर पोर्टल राज्य के सभी 780 पुलिस स्टेशनों में संचालित है और सीआईडी कार्यालय प्रगति की निगरानी करता है। उन्होंने कहा कि पिछले एक सप्ताह में लगभग 1000 मोबाइल फोन बरामद किए गए। प्रतिदिन औसतन 82 मोबाइल फोन बरामद किए गए। सबसे अधिक बरामदगी हैदराबाद पुलिस (3808) द्वारा की गई, उसके बाद राचाकोंडा (2174) और साइबराबाद (2030) का स्थान रहा। शिखा गोयल ने कहा कि उपयोगकर्ता मित्रता बढ़ाने और नागरिकों की सेवा करने के लिए राज्य पुलिस ने दूरसंचार विभाग के समन्वय से सीईआईआर पोर्टल को तेलंगाना पुलिस पोर्टल के साथ सफलतापूर्वक एकीकृत किया है।

उन्होंने कहा सीईआईआर को पिछले साल 17 मई को तेलंगाना में एक पायलट प्रोजेक्ट के आधार पर शुरू किया गया था और चूंकि पुलिस खोए या चोरी हुए फोन को ब्लॉक करने, उनका पता लगाने और उन्हें वापस पाने की पूरी कोशिश कर रही है। उन्होंने नागरिकों से खोए/गुमशुदा मोबाइल फोन की रिपोर्ट करने के लिए तेलंगाना पुलिस पोर्टल www.tspolice.gov.in या www.ceir.gov.in का उपयोग करने की सलाह दी है।





सब्जीमंडी के नटराजनगर में नल्ला पोचम्मा देवी और सिंहवाहिनी महाकाली देवी मंदिरों ने रविवार को अपना 102वां बोनालू उत्सव मनाया। मंदिरों में बोनम चढ़ाने वालों ने दो किलोमीटर लंबा जुलूस निकाला। 1922 में स्थापित इन मंदिरों में आस-पास की 13 बस्तियों के निवासी आते हैं। महाकाली मंदिर से पोचम्मा मंदिर तक 1.5 किलोमीटर की दूरी तय करने वाला हाथी जुलूस दिन के उत्सव का मुख्य आकर्षण था।

# पी. श्रीनिवास रेड्डी और कसुला बलराजू बोनालू उत्सव में हुए शामिल



**बांसुवाड़ा, 28 जुलाई ( शुभ लाभ ब्यूरो)।** रुद्रुरु मंडल केंद्र, बांसवाड़ा शहर में प्रेस कॉलोनी और गौड़ा संगम, बोया संघ, पूर्व विधान सभा अध्यक्ष एवं बांसवाड़ा निर्वाचन क्षेत्र के विधायक पोचारम श्रीनिवास रेड्डी और राज्य एग्रो के अध्यक्ष कसुला बलराजू ने आज बोनालू उत्सव में भाग लिया।

पोचारम श्रीनिवास रेड्डी अपने समर्थकों के साथ बांसवाड़ा शहर में अपने निवास से एक विशाल कार रैली में रुद्रुरु मंडल के केंद्र में हो रहे बोनालू उत्सव में भाग लेने के लिए गए। रूद्रुर के ग्रामीणों ने उनका जोरदार स्वागत किया। बोनालू उत्सव में स्थानीय जन प्रतिनिधियों, नेताओं और श्रद्धालुओं ने बड़े पैमाने पर भाग लिया।

# मिधानि के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. आर.वी. तम्हाणकर की 107वीं जयंती मनाई





**हैदराबाद, 28 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** मिश्र धातु निगम लिमिटेड (मिधानि) ने अपने संस्थापक अध्यक्ष डॉ. आर.वी. तम्हाणकर की 107वीं जयंती 27 और 28 जुलाई को बड़े हर्षो-उल्लास के साथ मनाई। 28 जुलाई को डॉ. आर.वी. तम्हाणकरका स्मृति समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर, मिधानि कर्मचारी डॉ. आर.वी. तम्हाणकर की प्रतिमा के पास उनकी जयंती मनाने के लिए एकत्रित हुए। मिधानि के सीएमडी डॉ. संजय कुमार झा, निदेशक (वित्त) एन. गौरी शंकर राव, निदेशक (उत्पादन एवं विपणन) टी. मुथुकुमार, मान्यता प्राप्त यूनियन के अध्यक्ष नारायण राव, मिधानि ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एस.के. द्विवेदी, एजीएम (आईसीपी एवं एसबीडी) तथा मिधानि कार्यकारी एसोसिएशन के अध्यक्ष रामुलानाइक ने डॉ. आर.वी. तम्हाणकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इन सभी ने पुष्पांजलि समर्पित कर डॉ. तम्हणकर के प्रति आभार व्यक्त किया।

डॉ. रामचंद्र वामन तम्हाणकर एक अग्रणी धातुकर्मी थे, जिनके योगदान ने भारत के रक्षा और औद्योगिक क्षेत्रों को महत्वपूर्ण रूप से आकार दिया। उन्होंने रक्षा धातुकर्म अनुसंधान प्रयोगशाला (डीएमआरएल) के संस्थापक-निदेशक के रूप में कार्य किया, जहाँ उन्होंने और उनके वैज्ञानिकों की टीम ने सुपरलॉय, टाइटेनियम, रिफ्रैक्टरी मेटल्स और स्पेशलस्टील्स में अपने शोध के आधार पर सुपरलॉय प्लांट की स्थापना का प्रस्ताव रखा। एक दूरदर्शी विज्ञान प्रशासक के रूप में, डॉ. तम्हाणकर ने मिधानिकी स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और अगस्त 1975 से जुलाई 1979तक कंपनी के संस्थापक अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक का पद संभाला।

अवसर पर बात करते हुए मिधानि के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. एसके झा ने कहा कि यह अवसर मिधानि के लिए बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि मिधानि के कर्मचारियों ने मिधानि और धातुकर्म उद्योग में डॉ. तम्हाणकर के दूरदर्शी नेतृत्व और योगदान का सम्मान किया है। मिधानि की स्थापना की परिकल्पना करने वाले महान व्यक्तित्व डॉ. आर.वी. तम्हाणकर की जयंती मनाकर हम सब मिधानि के कर्मचारी उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हैं। उनकी दूरदृष्टि के फलस्वरूप ही मिधानि भारत को आत्मनिर्भर बनाने की महत्वपूर्ण कड़ी का मजबूत हिस्सा बन पाई है। उन्होंने डॉ. आर. वी. तम्हणकर के नाम से स्थापित तम्हणकर ट्राफी की फिर से शुरुआत करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि आशा है सभी कर्मचारी इस कार्य में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे और इस दिन को गर्व व हर्ष के साथ मनाएँगे।

अवसर पर निदेशक (उत्पादन एवं विपणन) टी. मुत्तुकुमार ने कहा कि डॉ. आर. वी. तम्हणकर की जयंती इस वर्ष से प्रति वर्ष मनाने की शुरुआत हो रही है। हमें डॉ. आर.वी. तम्हाणकर की स्थायी विरासत का जश्न मनाने पर गर्व है, जिनकी दूरदृष्टि, कर्मठता और देश के प्रति समर्पण की भावना हम सब को हमेशा प्रेरित करती रहेगी। तम्हणकर ट्राफी रोलिंग होगी। इसमें भाग लेने के लिए सभी कर्मचारियों को प्रेरित किया जाएगा। इससे मिधानि के तकनीकी क्षेत्र में नए अनुसंधान व नवोन्मेषी कार्य को बढ़ावा मिलेगा। विभिन्न तकनीकी विषयों पर लेखन को प्रोत्साहन मिलेगा। इस अवसर पर 27 जुलाई कोप-ीएजी विभाग के अध्यक्ष नरहरि प्रसाद सत्यनारायण (अपर महाप्रबंधक) के नेतृत्व में एक तकनीकी पेपर प्रस्तुति का आयोजन किया गया। डॉ. सौरभ दीक्षित, वरिष्ठ प्रबंधक (एएमडी) ने वेल्डिंग से परे घर्षण हलचल प्रौद्योगिकी (फ्रिक्शनस्टिर टेकनोलॉजी बियॉन्ड वेल्डिंग) विषय पर ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिया। इस सत्र ने उद्यम के साथियों के बीच व्यावहारिक चर्चा और ज्ञान साझा करने को बढ़ावा दिया। ए. रामकृष्ण राव, म.प्र. (मा.संसा.), एके शर्मा, म.प्र. (तकनीकी सेवाएँ), आनंद कुमार, म.प्र. (उत्पादन - 2 व 4), एमपी रमेश, उप महाप्रबंधक (प्रभारी - सीओई व सुरक्षा) और मान्यता प्राप्त यूनियन के महासचिव के. श्रीनिवास सहित मिधानि के वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारियों की उपस्थिति से दोनों दिनों के कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुए। समारोह में सुश्री वसुंधरा रिंगू, सहायक प्रबंधक (मानव संसाधन) ने डॉ. आर.वी. तम्हाणकरका संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया। मिधानि की राजभाषा गृह पत्रिका संकल्प (अक्टूबर2023 - मार्च 2024) के नवीनतम अंक (28वें) का विमोचन किया गया जिसका परिचय शुभदीप घोष, अपर महाप्रबंधक (क्रय) द्वारा दिया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से और समापन राष्ट्रगान से हुआ। कार्यक्रम के सफल संयोजन में मानव संसाधन के उप प्रबंधक सुनील कुमार व पवन कुमार और ईएमएस के सहायक प्रबंधक जे. साईबाबू ने सक्रिया योगदान दिया। कार्यक्रम का संचालन हिंदी अनुभाग एवं निगम संचार के प्रबंधक डॉ. बी. बालाजी ने किया।

शुभ लाभ
का वार्षिक सब्सक्रिप्शन लें और उतने ही मूल्य का विज्ञापन छपवाएं

शुभ लाभ R. No. 5305
SPACE COUPON Rs. 2500/-
Worth of 1 Advertisement 10x10 Sq. Cm. in Shubh Labh
Validity : 1 Year from the time of Issue
SUBSCRIPTION FORM
Name : ....................
Period of Subscription : Annual Rs. 2500/-
Mode of Payment : CHEQUE / D.D.
Cheque No. & Date .......... Drawn ..........
Name of the Executive..........
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, T19 Towers, Ranigunj, Secunderabad-500 003 (T.S.)

सुधि पाठकों को यह सूचित करना है कि हिंदी दैनिक शुभ लाभ वार्षिक सब्सक्रिप्शन स्कीम में आंशिक फेरबदल के साथ नये सिरे से सदस्यता अभियान शुरू कर रहा है। रुपये 2500/- के सालाना सब्सक्रिप्शन पर आप निर्धारित अवधि में रुपये 2500/- मूल्य (10x10 वर्ग सेंटीमीटर) का विज्ञापन निःशुल्क प्रकाशित करा सकते हैं। सब्सक्रिप्शन कूपन की प्रकाशित फोटो के अनुरूप आप अपनी प्राप्ति-रसीद प्राप्त कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 8688868345 पर संपर्क करें। - प्रबंधक

सूचना : सुधि पाठकों और विज्ञापनदाताओं से आग्रह है कि वे वार्षिक सब्सक्रिप्शन एवं विज्ञापन की राशि ऑनलाइन ट्रांजैक्शन के जरिए सीधे संस्थान के बैंक खाते में डालें या बार-कोड द्वारा भेजें...

A/C Holder Name : Shree Siddivinayak publications
Bank Name : City Union Bank OD Account
A/c.No. : 512120020029300
Branch : Balanagar, Hyderabad
IFS Code : CIUB0000464

SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Hyderabad Balanagar

